अमर उजाला 23/12/2024

रामानुजन का गणित में योगदान अतुलनीय : दत्त

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर ऑनलाइन वेबिनार करवाया गया। जिसका आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के निर्देशन में हुआ। यह आयोजन जीएमएन कॉलेज के गणित विभाग की ओर से नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय कॉलेज हमीरपुर हिमाचल प्रदेश के सहयोग से किया गया। इस दौरान कॉलेज के गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजेश सैनी मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम के आरंभ में कॉर्डिनेटर प्रो. शिवानी निझावन ने वेबिनार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को मुख्य वक्ता एवं वेबिनार के विषय से अवगत करवाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि महान गणितज्ञ रामानुजन का गणित में योगदान अतुल्य है। कॉलेज की गणित विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. पिंकी ने कहा कि कॉलेज में हर वर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में गणित पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। संवाद